| प्रश्न पुस्तिका संख्या | प्रश्न पुस्तिका में 32 पृष्ठ हैं। | **PAPER-4** प्रश्न पुस्तिका | प्रश्न पुस्तिका सीरीज |
|---|---|---|---|
| 143132886 | 83320018 | | **C** |

जब तक आपको कहा न जाए तब तक आप प्रश्न पुस्तिका को नहीं खोलें

| समय : दो घण्टे | अनुदेश | पूर्णांक : 75 |
|---|---|---|

| रोल नम्बर | |
|---|---|

1. दाहिने ओर बनें कोष्ठक में अपना रोल नम्बर लिखें।
2. केवल काले या नीले बॉल पेन का ही उपयोग करें।
3. परीक्षा प्रारम्भ होते ही आप इस प्रश्न पुस्तिका की जाँच अवश्य कर लें तथा यदि इसमें कोई बिना छपा, कटा–फटा या आंशिक छपा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्न हो तो इसे अभिजागर के माध्यम से सही प्रश्न पुस्तिका से बदल लीजिए।
4. इस प्रश्न पुस्तिका में कुल 150 प्रश्न हैं।
5. यह एक वस्तुनिष्ठ परीक्षा हैं, जिसमें प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए चार विकल्प दिये गये है। आपको इन चार विकल्पों में से सही उत्तर वाले एक ही विकल्प को चुनना है। यदि आपको लगता है कि एक से अधिक उत्तर सही हैं तो आप उस उत्तर का चयन करें जो आपको सर्वाधिक सही लगे।
6. सभी प्रश्नों के उत्तर अलग से दिये गये उत्तर–पत्रक पर ही अंकित करने है।
7. उत्तर पत्रक को भरने हेतु निदेश उत्तर पत्रक के पृष्ठ भाग पर अंकित है, जिन्हें उत्तर पत्रक को भरने से पूर्व ध्यान से पढ लें।
8. इस प्रश्न पुस्तिका में रफ–कार्य के लिए खाली पृष्ठ उपलब्ध हैं।
9. परीक्षा समाप्त होने से पूर्व परीक्षार्थी कक्ष से बाहर नहीं जा सकते है।
10. परीक्षा समाप्त होने के पश्चात आप उत्तर पत्रक की ORIGINAL COPY एवं DEPARTMENT COPY को अभिजागर के पास जमा कराकर उनकी अनुमति से ही परीक्षा कक्ष छोडें।
11. परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक की CANDIDATE'S COPY को अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
12. प्रश्नों के लिए अंक मूल्यांकन व्यवस्था
    (i) प्रत्येक सही उत्तर के लिए ½ अंक दिया जाऐगा एवं प्रत्येक गलत उत्तर के लिए ¼ अंक काटा जायेगा।
    (ii) यदि अभ्यर्थी किसी प्रश्न का एक से अधिक उत्तर देता है तो उसे गलत मानते हुए ऐसे प्रत्येक उत्तर के लिए ¼ अंक काटा जायेगा।
    (iii) यदि अभ्यर्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात उसका कोई भी उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए कोई अंक नही काटा जायेगा।

चेतावनी – अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते हुए पकड़ा जाता है या उसके पास कोई अनाधिकृत सामग्री पाई जाती है तो उस अभ्यर्थी के विरुद्व एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही विभाग उसे अपने समस्त परीक्षाओं से वर्जित कर सकता है

यह सुनिश्चित कर लें कि आपको दी गई प्रश्न पुस्तिका सीलबंद है।

अभ्यर्थी का नाम (बड़े अक्षरों में):

अनुक्रमांक: अंको में

शब्दों में

परीक्षा केंद्र का नाम :

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : .................................... अभिजागर के हस्ताक्षर : ....................

Q1 उस विकल्प का चयन करें जिसमें दी गई संख्याएँ उसी तरह से संबंधित हैं जिस तरह दिए गए संख्याओं के समुच्चय (Set) में है।

(64, 16, 4)

(A) (64, 32, 16)

(B) (60, 20, 5)

(C) (27, 9, 3)

(D) (100, 20, 5)

Q2 उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार से संबंधित है, जिस प्रकार से दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।

पटना : बिहार :: भोपाल : ?

(A) मध्य प्रदेश

(B) कर्नाटक

(C) छत्तीगढ़

(D) केरल

Q3 उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरी संख्या से उसी प्रकार से संबंधित है, जिस प्रकार से दूसरी संख्या पहले संख्या से संबंधित है।

35 : 7 :: 245 : ?

(A) 49

(B) 47

(C) 51

(D) 52

111469467

Q4 'YPOC' का 'COPY' से वही संबंध है जो '______' का 'PASTE' से है।

ETSAP

(A) ETSPA

(B) ETSAP

(C) ETASP

(D) ESTAP

110269467

Q5 किसी कूट भाषा में, ANT को ZBMOSU और BAT को ACZBSU के रूप में लिखा जाता है। CAP को उसी कूट भाषा में किस प्रकार से लिखा जाएगा?

(A) DEBCUV

(B) BDZBSU

(C) BDACNP

(D) BDZBOQ

Q6 किसी कूट भाषा में, PENCIL को 59 के रूप में लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में ERASER को किस प्रकार से लिखा जाएगा?

(A) 66

(B) 56

(C) 68

(D) 70

Q7 उस संख्या का चयन करें जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) को प्रतिस्थापित कर सकती है।

2, 5, 11, 23, 47, ?

(A) 95

(B) 90

(C) 94

(D) 77

Q8 उस अक्षर का चयन करें जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) को प्रतिस्थापित कर सकता है।

H, K, Q, Z, ?

(A) K

(B) L

(C) M

(D) N

Q9 उस पद का चयन करें जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) को प्रतिस्थापित कर सकता है।

U21, O15, I9, E5, ?


(A) Z1

(B) B2

(C) A1

(D) A2

Q10 दिए गए पैटर्न का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और उस संख्या का चयन करें जो इसमें दिए गए प्रश्न चिन्ह (?) को प्रतिस्थापित कर सकती है।




(A) 48

(B) 62

(C) 7

(D) 5

Q11 गणितीय चिन्हों के उस सही संयोजन का चयन करें, जिन्हें रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से रख दिया जाए, तो समीकरण संतुलित हो जाएगा।

15_5_2_1

(A) ×, =, −

(B) ÷, =, +

(C) ×, −, =

(D) ×, ÷, +

110210487

Q12 दिए गए समीकरणों में, फंक्शन ➡ अपरिवर्तित रहता है। चौथे समीकरण में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**5 ➡ 3 = 19**
**I.**

**6 ➡ 3 = 22**
**II.**

**6 ➡ 5 = 34**
**III.**

**12 ➡ 2 = ?**
**IV.**

(A) 29

(B) 30


(C) 28


(D) 16

111419467


Q13 निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंध का सर्वोत्तम निरुपण करने वाले वेन आरेख का चयन करें।

उपकरण, कुल्हाड़ी, चाकू

(A) 

(B) 


(C) 


(D) 


Q14 निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंध का सबसे सर्वोत्तम निरुपण करने वाले वेन आरेख का चयन करें।

फल, सब्जी, अमरूद

(A) 


(B) 

(C) 


(D) 


Q15 निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंध का सबसे सर्वोत्तम निरुपण करने वाले वेन आरेख का चयन करें।

पशु, पौधे, खरगोश


(A) 


(B) 


(C) 


(D) 


Q16 विकल्पों में दिए गए पैटर्न में से कौन सा पैटर्न मोड़े जाने पर निम्न घन (क्यूब) का आकार ले लेगा?





(A) 


(B) 


(C) 


(D) 


Q17 एक ही पांसे (dice) की चार अलग–अलग स्थितियाँ दिखाई गई है। उस अक्षर का चयन करें जो 'O' वाली सतह के विपरीत सतह पर होगा?






110069467


(A) M
(B) E
(C) D
(D) C


Q18 यदि एक दर्पण को MN रेखा पर रखा जाता है, दी गई छवियों में से कौन सी सही दर्पण छवि होगी?




(A)


(B)


(C)


(D)


Q19 रवीश पूर्व की ओर 15 m तक चला। फिर वह अपनी बाईं ओर मुड़ा और 20 m तक चला। फिर वह दाएँ मुड़कर 17 m तक चला। अंत में वह बाएँ मुड़ा और 20 m की दूरी तय की। रवीश अब किस दिशा के सम्मुख है?

(A) पूर्व
(B) पश्चिम
(C) उत्तर
(D) दक्षिण

Q20 एक बच्चा घुटनों के बल पूर्व की ओर 1 m तक चलता है। अब वह अपनी दाईं ओर मुड़ता है और 2 m चलता है। इसके बाद वह प्रतीप मोड़ (यू –टर्न) लेकर 4 m और चल जाता है। अंत में, वह अपने दाईं ओर मुड़ता है और 1 m चल जाता है। बच्चा अब किस दिशा के सम्मुख है?

(A) पूर्व
(B) पश्चिम
(C) उत्तर
(D) दक्षिण

Q21 डेविड अनिल का पोता है। रॉय अरनब का भाई है। रितेश डेविड के पिता हैं। अनिल का रितेश से क्या संबंध है?

(A) पिता
(B) बेटा
(C) भाई
(D) चाचा / मामा / ताऊ / फूफा

Q22 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें और निर्णय लें कि कौन सा / कौन से निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता / करते हैं।

**कथन:**
(i) अधिकांश पक्षी उड़ सकते हैं।
(ii) 'X' एक पक्षी है।

**निष्कर्ष:**
I. 'X' तैर सकता है।
II. 'X' उड़ सकता है।

(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(B) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(C) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(D) निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनो अनुसरण करते हैं।

Q23 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें और निर्णय लें कि कौन सा/कौन से निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते हैं।

110960919

कथनः

(I) केवल कुछ पुरुष फैशन उद्योग में हैं।

(II) कुछ पुरुष परिधान (ड्रेसिंग–अप) की कला को अच्छी तरह से जानते हैं।

निष्कर्षः

I. कुछ पुरुष फैशन उद्योग में नहीं हैं।

II. सभी पुरुष फैशन उद्योग में हैं।

(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(B) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(C) या तो निष्कर्ष I या II अनुसरण करता है।

(D) निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनो अनुसरण करते हैं।

Q24 नीचे चार शब्द दिए गए है, इनमें से तीन शब्द आपस में किसी न किसी प्रकार से समान हैं, जबकि एक भिन्न है। भिन्न शब्द का चयन करें।

(A) ब्लूबेरी

(B) स्ट्रॉबेरी

(C) अंगूर

(D) गोभी

Q25 नीचे चार शब्द दिए गए हैं, इनमें से तीन शब्द आपस में किसी न किसी प्रकार से समान हैं जबकि एक शब्द भिन्न है। भिन्न शब्द का चयन करें।

(A) गोभी

(B) पत्ता गोभी

(C) सूरजमुखी

(D) आलू

Q26 नीचे चार शब्द दिए गए हैं, इनमें से तीन शब्द आपस में किसी न किसी प्रकार से समान हैं जबकि एक शब्द भिन्न है। भिन्न शब्द का चयन करें।

(A) किडनी

(B) आँखें

(C) नाक

(D) कान

Q27 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें और निर्णय लें कि कौन सा/कौन से निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते हैं।

**कथन:**

(I) रवि एक मुक्केबाज़ है।

(II) सभी मुक्केबाज़ों में अच्छी सहनशक्ति (स्टेमिना) होती है।

**निष्कर्ष:**

I. रवि की सहनशक्ति (स्टेमिना) अच्छी है।

II. रवि बहुत वज़नदार है।

(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(B) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(C) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(D) निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनो अनुसरण करते हैं।

Q28 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें और निर्णय लें कि कौन सा/कौन से निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते हैं।

**कथन:**

(I) मोनी को सैल्मन मछली खाना पंसद है।

(II) मोनी को झींगा मछली (लॉबस्टर) खाना पसंद नहीं है।

**निष्कर्ष:**

I. मोनी को सभी प्रकार के समुद्री भोजन खाना पसंद नहीं है।

II. मोनी को सभी प्रकार के समुद्री भोजन खाना पसंद है।

(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(B) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(C) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(D) निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनो अनुसरण करते हैं।

Q29 नीचे एक प्रश्न और उसके बाद दो तर्क दिए गए हैं। निर्धारित करें कि प्रश्न के संदर्भ में कौन सा/कौन से तर्क मज़बूत है/हैं।

**प्रश्न:**

क्या स्कूल के क्षेत्र में भोजनगृह (कैंटीन) होनी चाहिए?

**तर्क:**

I. हाँ, कुछ छात्रों और कर्मचारियों के लिए प्रतिदिन अपने घर से खाना लाना असुविधाजनक होता है।

II. नहीं, स्कूल के क्षेत्र में भोजनगृह (कैंटीन) नहीं होनी चाहिए।

(A) केवल तर्क I मज़बूत है।

(B) केवल तर्क II मज़बूत है।

(C) तर्क I और II दोनों मज़बूत हैं।

(D) तर्क I और II दोनों ही मज़बूत नहीं हैं।

Q30 नीचे एक प्रश्न और उसके बाद दो तर्क दिए गए हैं। निर्धारित करें कि प्रश्न के संदर्भ में कौन सा/कौन से तर्क मज़बूत है/हैं।

प्रश्न:

क्या लैपटॉप डेस्कटॉप से बेहतर होते हैं?

तर्क:

I. हाँ, उन्हें कहीं भी ले जाया जा सकता है।

II. नहीं, वे निम्न विन्यास (कॉन्फिगरेशन) के हैं।

(A) केवल तर्क I मज़बूत है।

(B) केवल तर्क II मज़बूत है।

(C) तर्क I और II दोनों मज़बूत हैं।

(D) तर्क I और II दोनों ही मज़बूत नहीं हैं।

Q31 निम्नलिखित में से किस कंपनी/उद्योग (एन्टप्राईज़) ने ग्राफ़िकल यूज़र इंटरफेस का आविष्कार किया?

(A) गूगल (Google)

(B) माइक्रोसॉफ्ट (Microsoft)

(C) एप्पल (Apple)

(D) ज़ेरॉक्स (Xerox)

Q32 निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प जीयूआई (GUI) आधारित ऑपरेटिंग सिस्टम नहीं है?

(A) विंडोज (Windows)

(B) Mac OS

(C) MS-DOS

(D) लिनक्स मिंट (Linux Mint)

Q33 इंटरनेट के संदर्भ में यूआरएल (URL) का पूर्ण रूप क्या है?

(A) Universal Resource locator (यूनिवर्सल रिसोर्स लोकेटर)

(B) Uniform Resource locator (यूनिफ़ॉर्म रिसोर्स लोकेटर)

(C) Universal Router locator (यूनिवर्सल राउटर लोकेटर)

(D) Uniform Resource Location (यूनिफ़ॉर्म रिसोर्स लोकेशन)

Q34 निम्नलिखित में से कौन सा एक वेब्र ब्राउज़र नहीं है?

(A) गूगल क्रोम (Google Chrome)

(B) यूट्यूब (Youtube)

(C) इंटरनेट एक्स्प्लोरर (Internet Explorer)

(D) मोज़िला फायरफ़ॉक्स (Mozilla Firefox)

Q35 निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सर्च इंजन नहीं है?
(A) www.Google.co.in
(B) www.Bing.com
(C) www.gmail.com
(D) www.yahoo.com

Q36 इंटरनेट का फाइल ट्रॉसफर करने के लिए निम्नलिखित में से किस एप्लिकेशन प्रोटोकॉल का उपयोग किया जाता है?
(A) FTP
(B) XMP
(C) TFT
(D) SMPS

Q37 निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प अरिथमेटिक और लॉजिकल ऑपरेशन्स निष्पादित करता है?
(A) स्टोरेज यूनिट
(B) सीपीयू (CPU)
(C) इनपुट यूनिट
(D) RAM

Q38 निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प कंप्यूटर में सेकेंडरी स्टोरेज डिवाइस होता है?
(A) RAM
(B) ROM
(C) हार्ड डिस्क
(D) केशे (Cache)

110610919

Q39 निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प प्रोसेस की गई सूचना को उपयोक्ता (यूज़र) के लिए उपयोगी स्वरूप में रूपांतरित और प्रस्तुत करता है?
(A) कंट्रोल यूनिट
(B) स्टोरेज यूनिट
(C) आउटपुट यूनिट
(D) इनपुट यूनिट

Q40 RAM के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन 'गलत' है?
(A) एप्लिकेशन सॉफ़्टवेयर और फ़ाइलों के चल रहे घटकों (components) को अस्थायी रूप से रैम पर प्रोसेसर के लिए सग्रहीत किया जाता है ताकि ऑपेरशन करते समय उन्हें एक्सेस किया जा सके।
(B) यह कंप्यूटर की प्राइमरी मेमोरीज में से एक है।
(C) RAM का अर्थ रैंडम एक्सेस मेमोरी होता है।
(D) कंप्यूटर के बंद होने पर RAM की विषय–सामग्री (कॉन्टेंट) लुप्त नहीं होती है।

Q41 दिए गए विकल्पों में से विषम का चयन करें।
(A) लेजर जेट प्रिंटर
(B) टचपैड
(C) लाइट पेन
(D) स्कैनर

Q42 निम्नलिखित में से कौन सा एक इनपुट डिवाइस 'नहीं' है?
(A) मैग्नेटिक इंक कैरेक्टर रिकॉग्निशन (MICR)
(B) ऑप्टिकल मार्क रिकॉग्निशन (OMR)
(C) ट्रैकबॉल
(D) स्पीकर

Q43 निम्नलिखित में से किस डिवाइस का उपयोग हार्डकॉपी को सॉफ्टकॉपी में रूपांतरित करने के लिए किया जाता है?
(B) प्रिंटर
(B) स्कैनर
(C) ट्रैकबॉल
(D) मॉनीटर

Q44 मोशन डेटा को कंप्यूटर या दूसरे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसों में प्रविष्ट करने के लिए किस इनपुट डिवाइस का उपयोग किया जाता है?
(A) ट्रैकबॉल
(B) बारकोड रीडर
(C) मैग्नेटिक इंक कैरेक्टर रिकॉग्निशन
(D) लाइट पेन

Q45 ध्वनि को रिकॉर्ड और उत्पादित करने के लिए किस डिवाइस का उपयोग किया जाता है?
(A) मॉनीटर
(B) प्लॉटर
(C) साउंड कार्ड
(D) जॉयस्टिक

111010919 Q46 निम्नलिखित में से विषम का चयन करें।
(A) माउस
(B) रोम
(C) कीबोर्ड
(D) माइक्रोफोन

Q47 निम्नलिखित में से कौन सा डिवाइस कंप्यूटर में संग्रहित (स्टोर) डेटा की हार्ड कॉपी उत्पन्न करता है?
(A) हार्ड ड्राइव
(B) प्रोजेक्टर
(C) स्कैनर
(D) प्रिंटर

Q48 एक स्कूल में शिक्षक 50 छात्रों के एक समूह को एक वीडियो दिखाना चाहते हैं। वे निम्नलिखित में से किस डिवाइस का उपयोग करेंगे?

(A) प्रोजेक्टर

(B) प्लॉटर

(C) स्कैनर

(D) प्रिंटर

Q49 एक इमारत के ग्राफिक डिज़ाइन प्रिंट करने के लिए निम्नलिखित में से कौन सा डिवाइस सर्वाधिक उपयुक्त है?

(A) प्लॉटर

(B) प्रोजेक्टर

(C) ब्रेल रीडर

(D) स्कैनर

Q50 ऑपरेटिंग सिस्टम को किस रूप में परिभाषित किया जा सकता है:

(A) एक सॉफ्टवेयर जो विभिन्न गतिविधियों के प्रबंधन और कंप्यूटर संसाधन (रिसोर्स) साझा करने के लिए उत्तरदायी होता है।

(B) एक सॉफ्टवेयर जो उपयोक्ता (यूज़र) के लिए कोई विशिष्ट कार्य निष्पादित कर सकता है।

(C) एक ऐसा माध्यम जो किसी विशिष्ट विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान करता है जो उपयोक्ता (यूज़र) के लिए उपयुक्त होती हैं।

(D) एक स्टोरेज डिवाइज जो उपयोक्ता (यूज़र) को एक इंटरफ़ेस प्रदान करने के लिए उत्तरदायी होता है।

Q51 निम्नलिखित में से कौन एक ऑपरेटिंग सिस्टम 'नही' है?

(A) लिनक्स (Linux)

(B) यूनिक्स (Unix)

(C) माइक्रोसॉफ्ट ऐज (Microsoft Edge)

(D) माइक्रोसॉफ्ट विंडोज (Windows) XP

Q52 निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प ऑपरेटिंग सिस्टम का प्राइमरी फंक्शन 'नहीं' है?

(A) डिवाइस प्रबंधन (डिवाइस मैनेजमेंट)

(B) फाइल प्रबंधन (फाइल मैनेजमेंट)

(C) ऑनलाइन सुरक्षा (ऑनलाइन सिक्युरिटी)

(D) ध्वनि प्रबंधन (साउंड मैनेजमेंट)

Q53 निम्नलिखित में से कौन सा ऑपरेटिंग सिस्टम एक कंप्यूटर सिस्टम पर एक साथ कई उपयोक्ताओं (यूज़र्स) को कार्य करने की सुविधा प्रदान करता है? 110910919

(A) बैच यूज़र ऑपरेटिंग सिस्टम

(B) मल्टीयूज़र ऑपरेटिंग सिस्टम

(C) मल्टी–बूट ऑपरेटिंग सिस्टम

(D) रीयल टाइम ऑपरेटिंग सिस्टम

Q54 MS Excel में 'Cut' फंक्शन निष्पादित करने के लिए, निम्नलिखित में से किस कीबोर्ड शॉर्टकट कुंजी (key) संयोजन का उपयोग किया जाता है?
(A) Ctrl + X
(B) Ctrl + C
(C) Alt + C
(D) Ctrl + Z

Q55 निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प MS Word 2016 में मेनू में नहीं होता है?
(A) इंसर्ट
(B) रेफरेंसेस
(C) फॉर्मुलास
(D) होम

Q56 MS Excel 2016 में, निम्नलिखित में से किस मेनू से 'मार्जिन्स' और 'ओरिएंटेशन' विकल्पों को चुना जा सकता है?
(A) होम
(B) रिव्यू
(C) इंसर्ट
(D) पेज लेआउट

Q57 MS Word में 'इंसर्ट मेनू' का उपयोग करके निम्नलिखित में से किसे प्रविष्ट नहीं किया जा सकता है?
(A) तालिका (टेबल)
(B) लाइन स्पेसिंग
(C) आकृतियाँ (शेप्स)
(D) शीर्षलेख (हेडर)

Q58 जीयूआई (GUI)–आधारित ऑपरेटिंग सिस्टम में ग्राफिकल यूजर-इंटरफेस किस पर आधारित होता है:
(A) विंडोज, आइकॉन्स, ग्राफ्स
(B) मेनूज, आइकॉन्स, पिक्चर्स
(C) विंडोज, आइकॉन्स, मेनूज
(D) मेनूज, आइकॉन्स, ग्राफ्स

Q59 एमएस वर्ड में वर्तनी जांच (spell check) शुरू करने के लिए शॉर्ट–कट कुंजी क्या है?
(A) F7
(B) F2
(C) Ctrl + S
(D) Ctrl + Alt + S

Q60 _______ एक इम्पैक्ट प्रिंटर होता है।
(A) थर्मल प्रिंटर
(B) लेजर प्रिंटर
(C) इंक–जेट प्रिंटर
(D) डेज़ी व्हील प्रिंटर

Q61 किस स्थान पर भगवान बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया था?
(A) काशी
(B) वैशाली
(C) सारनाथ
(D) मगध

Q62 किसने कुषाण वंश की स्थापना की?
(A) अशोक
(B) चंद्रगुप्त
(C) हर्षवर्धन
(D) कुजुला कडफिसेस

Q63 इनमें से किस वर्ष में तराइन का प्रथम युद्ध लड़ा गया था?
(A) 1001 में
(B) 1191 में
(C) 1192 में
(D) 1206 में

Q64 किसने 'ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक' पार्टी की स्थापना की थी?
(A) महात्मा गांधी
(B) जवाहर लाल नेहरू
(C) सुभाष चंद्र बोस
(D) बाल गंगाधर तिलक

Q65 बाल गंगाधर तिलक द्वारा कौन सा दैनिक समाचार पत्र मराठी में शुरू किया गया था?
(A) मराठा
(B) केसरी
(C) बंगाल गजट
(D) हरिजन

Q66 _____ नदी को पहले "शोक की नदी" के रूप में जाना जाता था।
(A) घाघरा
(B) काली
(C) महानदी
(D) दामोदर

Q67 उत्तराखंड की उच्चतम पर्वत चोटी कौन सी है
(A) बद्रीनाथ
(B) केदारनाथ
(C) कामेट
(D) नंदा देवी

110510919

Q68 निम्नलिखित में से कौन मिट्टी के लिए दीर्घकालिक नुकसान का कारण बनता है?
(A) कागज़
(B) प्लास्टिक
(C) कपड़ा
(D) मृत पेड़ के पत्ते

Q69 निम्नलिखित में से रबी की फसल कौन सी है?
(A) कपास
(B) मक्का
(C) ज्वार
(D) सरसों

Q70 बोकारो इस्पात संयंत्र किस पठार पर स्थित है?
(A) दक्कन का पठार
(B) छोटा नागपुर का पठार
(C) मैकाल का पठार
(D) कोरोमंडल पठार

Q71 2011 की जनगणना में भारत का अनुमानित जनसंख्या घनत्व कितना था?
(A) 410 प्रति वर्ग किमी
(B) 211 प्रति वर्ग किमी
(C) 326 प्रति वर्ग किमी
(D) 382 प्रति वर्ग किमी

Q72 2011 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से किस राज्य की साक्षरता दर सबसे कम है?
(A) राजस्थान
(B) झारखंड
(C) बिहार
(D) छत्तीसगढ़

Q73 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य की जनसंख्या सबसे कम है?
(A) बिहार
(B) असम
(C) सिक्किम
(D) मेघालय

110810919

Q74 निम्नलिखित में से भारत का राष्ट्रीय पक्षी कौन सा है?
(A) मोर
(B) दुधराज
(C) कौआ
(D) फाखता

Q75 कान्हा राष्ट्रीय उद्यान निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?

(A) उत्तर प्रदेश

(B) मध्य प्रदेश

(C) महाराष्ट्र

(D) छत्तीसगढ़

Q76 'प्रोजेक्ट टाइगर' के नाम से बाघ संरक्षण कार्यक्रम इनमें से किस वर्ष में प्रारंभ किया गया?

(A) 1976 में

(B) 1973 में

(C) 1975 में

(D) 1970 में

Q77 निम्नलिखित में से किस राज्य में लोकसभा के सीटों की संख्या सर्वाधिक है?

(A) उत्तर प्रदेश

(B) महाराष्ट्र

(C) पश्चिम बंगाल

(D) मध्य प्रदेश

Q78 संसदीय चुनाव 2019 में निम्नलिखित में से भारत के किस राजनीतिक दल ने विजय प्राप्त की?

(A) राष्ट्रीय कांग्रेस

(B) बीजेपी (BJP)

(C) शिवसेना

(D) समाजवादी पार्टी

Q79 राज्य सभा में सदस्यों की अधिकतम संख्या कितनी है?

(A) 300

(B) 200

(C) 550

(D) 250

Q80 इलेक्ट्रॉन की खोज निम्नलिखित में से किस वैज्ञानिक ने की थी?

(A) आइंस्टाइन

(B) गैलीलियो

(C) जे जे थॉमसन

(D) टी आर टी विल्सन

Q81 प्रति वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस किस तारीख को मनाया जाता है?
(A) 2 जून को
(B) 3 जून को
(C) 10 जून को
(D) 5 जून को

Q82 भारतीय वन अनुसंधान संस्थान कहाँ स्थित है?
(A) देहरादून
(B) भोपाल
(C) जयपुर
(D) दिल्ली

Q83 तीजन बाई निम्नलिखित में से किस लोक गीत से संबंधित है?
(A) करमा
(B) कोरकू
(C) गरबा
(D) पंडवानी

Q84 बिरजू महाराज किस नृत्य से संबंधित हैं?
(A) ओडिसी
(B) कथक
(C) मणिपुरी
(D) भरतनाटयम

Q85 'डांस प्लस' नामक शो का प्रसारण किस चैनल द्वारा किया जाता है?
(A) सोनी टीवी (Sony TV)
(B) जी टीवी (Zee TV)
(C) स्टार प्लस (Star Plus)
(D) कलर्स टीवी (Colors TV)

Q86 निम्नलिखित में से कौन सा एक उत्तर प्रदेश का लोकप्रिय लोक गीत है?
(A) चाउल
(B) कलरी
(C) बोली
(D) नाच

Q87 'गुगली' शब्द का संबंध किस खेल से है?
(A) हॉकी
(B) फुटबॉल
(C) शतरंज
(D) क्रिकेट

Q88 किसने 2019 इंडियन प्रीमियर लीग में जीत प्राप्त की?
(A) मुंबई इंडियन्स
(B) चैन्नई सुपर किंग्स
(C) दिल्ली कैपिटल्स
(D) सनराइजर्स हैदराबाद

Q89 लियोनेल मेस्सी किस खेल से संबंधित हैं?
(A) हॉकी
(B) गोल्फ
(C) फुटबॉल
(D) बिलियर्ड

Q90 राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार 2019 किसे प्रदान किया गया?
(A) युवराज सिंह
(B) बजरंग पूनिया
(C) पीटी उषा
(D) राहुल चौधरी

Q91 भगवान बुद्ध का वास्तविक क्या नाम था?
(A) वर्द्धमान
(B) सिद्धार्थ
(C) महावीर
(D) प्रियदर्शन

Q92 दिनांक 20 जुलाई 1905 को, ____________ ने बंगाल को दो भागों में बाँटे जाने की घोषणा कीः पूर्वी बंगाल और असम (एक भाग) और शेष बंगाल (दूसरा भाग)
(A) लॉर्ड डफरिन
(B) लॉर्ड कर्ज़न
(C) लॉर्ड विलियम बैंटिक
(D) लॉर्ड डलहौजी

Q93 हमारे सौर मंडल में ग्रहों की संख्या कितनी है?
(A) पाँच
(B) छह
(C) सात
(D) आठ

Q94 2018–2019 के दौरान निम्नलिखित में से कौन सा राज्य भारत में सोयाबीन का प्रमुख उत्पादक राज्य रहा?
(A) मध्य प्रदेश
(B) गुजरात
(C) पंजाब
(D) केरल

Q95 सुंदरवन राष्ट्रीय उद्यान भारत के किस राज्य में स्थित है?
(A) पश्चिम बंगाल
(B) बिहार
(C) ओडिशा
(D) राजस्थान

Q96 निम्नलिखित में से किस अधिनियम के अंतर्गत, आरोपी के विरोध में शिकायत की कार्रवाई पुलिस स्टेशन, ज़िला न्यायालय, उपनिदेशक और महिला एवं बाल विकास से कर सकते हैं?
(A) सती (रोकथाम) अधिनियम
(B) घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम
(C) स्त्री अशिष्ट रूपण प्रतिषेध अधिनियम
(D) दहेज निषेध अधिनियम

Q97 मानव तस्करी (रोकथाम, सुरक्षा और पुनर्वास) बिल किस वर्ष में अधिनियमित किया गया?
(A) 2018
(B) 2001
(C) 2008
(D) 1980

Q98 स्त्री के साथ, उसकी सहमति या असहमति के बिना, डरा धमकाकर, या उसके प्रियजनों की मृत्यु का भय दिखाकर उसके साथ किया गया बलात्कार, जिसके कारण उस स्त्री को कोई गंभीर क्षति पहुँचती है, या उसकी मृत्यु हो जाती है, तो ऐसे अपराध के लिए दंड का प्रावधान निम्नलिखित में से किस धारा में दिया गया है?
(A) धारा 375
(B) धारा 376-A में
(C) धारा 376-B में
(D) धारा 376-C में

Q99 निम्नलिखित में से कौन सही ढंग से मेल खाता है?
(A) धारा 376 बी : पीड़िता की मृत्यु या लगातार विकृतशील दशा कारित करने के लिए दंड
(B) धारा 376 सी : सामूहिक बलात्कार
(C) धारा 376 बी : पति द्वारा अपनी पत्नी के साथ पृथक्करण के दौरान मैथुन
(D) धारा 376 सी : पति द्वारा अपनी पत्नी के साथ पृथक्करण के दौरान मैथुन

Q100 भारतीय दंड संहिता की धारा 354-A किस प्रावधान को विश्लेषित करती है?
(A) यौन उत्पीड़न के लिए सज़ा
(B) बाल विवाह
(C) बाल पोर्नो
(D) एसिड अटैक

Q101 जिन बच्चों को देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता हो, उन्हें सहज महसूस करवाने के लिए पुसिल अधिकारी को हमेशा किस ड्रेस में होना चाहिए?

(A) सिविल ड्रेस

(B) पुलिस वर्दी

(C) सेना की पोशाक

(D) डॉक्टर की पोशाक

Q102 'अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम' के अंतर्गत यदि कोई व्यक्ति नाबालिग लड़की के वेश्यावृत्ति की कमाई के माध्यम से रहता है तो ऐसे व्यक्ति को न्यूनतम _______ साल तक जेल हो सकती है।

(A) 3

(B) 5

(C) 7

(D) 9

Q103 'पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (PCPNDT) अधिनियम' के अंतर्गत अल्ट्रा साउंड या सोनोग्राफी करवाने वाले जोड़े या लिंग परीक्षण करने वाले डॉक्टर, लैब कर्मी को किस प्रकार की सज़ा का प्रावधान करता है?

(A) 3 से 5 साल तक की सज़ा और 10 से 50 हजार का जुर्माना

(B) 6 से 8 साल तक की सज़ा और 10 से 50 हजार का जुर्माना

(C) 8 से 10 साल तक की सज़ा और 10 से 50 हजार का जुर्माना

(D) 20 साल तक की सज़ा और 10 से 50 हजार का जुर्माना

Q104 दहेज निषेध् अधिकारी की नियुक्ति किस धारा के तहत यह किया जाता है?

(A) धारा 8 B

(B) धारा 1 B

(C) धारा 7 C

(D) धारा 6 F

Q105 सती (रोकथाम) अधिनियम को किस वर्ष राजस्थान सरकार द्वारा कब लागू किया गया था?

(A) 1988 में

(B) 1987 में

(C) 1986 में

(D) 1985 में

Q106 निम्नलिखित में से कौन सा एक महाजनपद राजस्थान में स्थित था?

(A) अंग

(B) मत्स्य

(C) अवंति

(D) चेदि

Q107 किस वर्ष में हल्दीघाटी का युद्ध हुआ था?

(A) 1518 में

(B) 1576 में

(C) 1528 में

(D) 1542 में

Q108 _____ राजस्थान में पहला स्थान था जहां 1857 का विद्रोह शुरू हुआ था।

(A) नसीराबाद

(B) गंगापुर

(C) कोटा

(D) भीलवाड़ा

Q109 महाराजा गज सिंह किस राज्य के शासक थे:

(A) बांसवाड़ा

(B) डूंगरपुर

(C) धौलपुर

(D) जोधपुर

Q110 'एनल्स एंड एंटीक्विटीज़ ऑफ राजस्थान' नामक पुस्तक किसने लिखी है?

(A) विन्सेंट स्मिथ

(B) जेम्स टॉड

(C) कर्नल जी.बी. मल्लेसन

(D) फिलिप मेसन

110560919

Q111 किसने मेवाड़ राज्य स्थापित किया था?

(A) बप्पा रावल

(B) राणा सांगा

(C) महाराणा प्रताप

(D) महारावल रतन सिंह

Q112 महाराजा सूरजमल किस राज्य के शासक थे?

(A) बीकानेर

(B) अलवर

(C) टोंक

(D) भरतपुर

Q113 निम्नलिखित में से कौन सा ज़िला अपनी सीमा पाकिस्तान के साथ साझा 'नहीं' करता है?

(A) कोटा

(B) जयपुर

(C) अजमेर

(D) बाड़मेर

11019467

Q114 राजस्थान के किस क्षेत्र में जयपुर शहर स्थित है?

(A) मेवाड़

(B) मारवाड़

(C) ढूंढाड़

(D) हाड़ौती

Q115 2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान के किस जिले की जनसंख्या सर्वाधिक है?

(A) जयपुर

(B) जोधपुर

(C) अलवर

(D) नागौर

Q116 पोखरन राजस्थान के किस जिले में स्थित है?

(A) सवाई माधोपुर

(B) जोधपुर

(C) जैसलमेर

(D) झुंझुनू

Q117 राजस्थान में चंबल नदी की सबसे बड़ी सहायक नदी कौन सी है?

(A) दृषद्वती

(B) लूनी

(C) साबरमती

(D) बनास

Q118 क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान का सबसे बड़ा ज़िला कौन सा है?

(A) अजमेर

(B) जयपुर

(C) जैसलमेर

(D) जोधपुर

Q119 राजस्थान के किस क्षेत्र में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थित है?

(A) रावतभाटा

(B) पोखरण

(C) सूरतगढ़

(D) पिलानी

Q120 निम्नलिखित में से किसशहर को राजस्थान का औद्योगिक शहर कहते हैं?

(A) जोधपुर

(B) कोटा

(C) भीलवाड़ा

(D) चित्तौड़

Q121 भारत में निजी क्षेत्र की एक सबसे बड़ी उर्वरक उत्पादक कंपनी 'चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स' किस जिले में स्थित है?

(A) कोटा

(B) सीकर

(C) सवाई माधोपुर

(D) जैसलमेर

Q122 राजस्थान के किस जिले में कपास का सर्वाधिक उत्पादन होता है?

(A) अजमेर

(B) कोटा

(C) गंगापुर

(D) श्री गंगानगर

Q123 जून 2002 तक, मेट्रो नेटवर्क वाला राजस्थान का एकमात्र शहर कौन सा है?

(A) जोधपुर

(B) जयपुर

(C) बीकानेर

(D) उदयपुर

Q124 राजस्थान के किस शहर को 'ताम्र नगरी' कहते हैं?

(A) बूंदी

(B) खेतड़ी

(C) बाड़मेर

(D) टोंक

Q125 दिसंबर 2019 तक के अनुसार, राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के नेता कौन हैं?

(A) गुलाब चंद कटारिया

(B) वसुंधरा राजे सिंधिया

(C) अमृतलाल मीणा

(D) ज्योति खंडेलवाल

Q126 जयपुर की महारानी गायत्री देवी, किस वर्ष में पहली बार लोकसभा की सदस्य बनीं

(A) 1977 में

(B) 1980 में

(C) 1962 में

(D) 1967 में

Q127 वर्तमान (2019 में निर्वाचित) लोकसभा में राजस्थान से चुने गए सदस्यों की संख्या कितनी है?

(A) 30

(B) 28

(C) 25

(D) 26

Q128 दिसंबर 2019 तक के अनुसार, कौन राजस्थान के राज्यपाल हैं?

(A) कल्याण सिंह

(B) मार्गरेट अल्वा

(C) लालजी टंडन

(D) कलराज मिश्र

Q129 राजस्थान में निम्नलिखित में से कौन सा मंदिर महाभारत के एक पात्र बर्बरीक से संबंधित है?

(A) शाकम्भरी

(B) खाटू श्याम

(C) बैराट

(D) दिलवाड़ा

Q130 कौन से प्रसिद्ध पाकिस्तानी गज़ल गायक मूल रूप से राजस्थान के निवासी थे?

(A) मेहदी हसन

(B) गुलाम अली

(C) फ़रीदा खानुम

(D) रूना लैला

Q131 निम्नलिखित में से किस संगीत का संबंध राजस्थान से नहीं है?

(A) बाउल

(B) मांगणियार

(C) भोपा

(D) लंगा

Q132 निम्नलिखित में से कौन सी चित्रकला शैली राजस्थान से संबंधित नहीं थी?

(A) शेखावटी

(B) हाड़ौती

(C) कांगड़ा

(D) मारवाड़

Q133 निम्नलिखित में से किस वस्त्र का संबंध राजस्थान से नहीं है?

(A) सांगानेरी

(B) कांथा

(C) बांधनी

(D) बाड़मेरी

Q134 राजस्थान के पंडित विश्व मोहन भट्ट का संबंध किस वाद्य यंत्र से स्थापित किया जा सकता है?

(A) मोहनवीणा

(B) ड्रम सेट

(C) सितार

(D) सरोद

110319467

Q135 वर्तमान (2019 में गठित) लोकसभा में, जयपुर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किसके द्वारा किया जा रहा है?

(A) राम चरण बोहरा

(B) दुष्यंत सिंह

(C) लाल बहादुर

(D) ओम बिरला

Q136 आचार्य राजेंद्र सूरी का जन्म किस शहर में हुआ था?

(A) बीकानेर

(B) भरतपुर

(C) उदयपुर

(D) जैसलमेर

Q137 महाराजा सूरजमल का अन्य नाम कौन सा था?
(A) नाहर सिंह
(B) रणजीत सिंह
(C) रतन सिंह
(D) सुजान सिंह

Q138 दौसा शहर का नाम किस पहाड़ी के नाम पर पड़ा?
(A) मनगढ़
(B) अलवर
(C) कमलनाथ
(D) देवगिरि

Q139 बंकली बांध किस नदी पर स्थित है?
(A) लूणी नदी
(B) काली सिंह नदी
(C) साहिबी नदी
(D) सुकड़ी नदी

Q140 RUDA (ग्रामीण गैर–कृषि विकास अभिकरण–रूडा) किस वर्ष में स्थापित किया गया?
(A) 1995 में
(B) 1985 में
(C) 1991 में
(D) 1993 में

Q141 राजस्थान की पहली कपड़ा मिल – कृष्णा मिल्स, ब्यावर की स्थापना निम्नलिखित में से किस वर्ष में की गई थी?
(A) 1889 में
(B) 1898 में
(C) 1989 में
(D) 1987 में

Q142 राजस्थान के निम्नलिखित में से किस शहर में आईसीएआर–केंदीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान (ICAR-CSWRI) स्थित है?
(A) भीलवाड़ा
(B) मालपुरा
(C) अलवर
(D) भरतपुर

Q143 सांभर नमक झील से भारत का लगभग कितने प्रतिशत नमक उत्पादन होता है?
(A) 16%
(B) 21%
(C) 9%
(D) 4%

Q144 निम्नलिखित में से कौन से नेता 'बाबोसा' कहलाते हैं?
(A) कृष्णकांत
(B) हरिदेव जोशी
(C) जगन्नाथ पहाड़िया
(D) भैरों सिंह शेखावत

Q145 किस वर्ष में राजस्थान पंचायत अधिनियम को लागू किया गया था?
(A) 1953 में
(B) 1935 में
(C) 1963 में
(D) 1936 में

Q146 निम्नलिखित में कौन वर्तमान (2019) राजस्थान विधानसभा का सरकारी मुख्य सचेतक (Chief Whip) है?
(A) रामचरण वोहरा
(B) कौशल जोशी
(C) डॉ. महेश जोशी
(D) महेंद्र चौधरी

Q147 राजस्थान के राजकीय वृक्ष का वैज्ञानिक नाम कौन सा है?
(A) टेकोमेला अंडुलाटा
(B) प्रोसोपिस सिनेरेरिया
(C) सिडियम गुआजावा
(D) ओरिजा सातिवा

111569467

Q148 भारतीय वायु सेना ने 27 दिसंबर 2019 को राजस्थान के किस शहर में अपने अंतिम मिग –27 स्क्काड्रन को सेवामुक्त किया?
(A) जोधपुर
(B) बीकानेर
(C) जैसलमेर
(D) जयपुर

Q149 निम्नलिखित में से किस विधानसभा में राजस्थान विधानसभा की सीट संख्या बढ़ाकर वर्तमान स्तर (जनवरी 2020 तक के अनुसार) तक कर दी गई?
(A) पाँचवीं
(B) चौथी
(C) छठी
(D) सातवीं

Q150 राजस्थान में लागू निम्नलिखित में से कौन सा राष्ट्रपति शासन का कार्यकाल सबसे लंबा रहा?
(A) दूसरा
(B) तीसरा
(C) पहला
(D) चौथा


PAPER-7